## नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में ई–अटेंडेंस प्रणाली का शुभारंभ



जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में ई–अटेंडेंस (E-Attendance) प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा ने ई–अटेंडेंस प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विश्वविद्यालय में समयबद्धता, अनुशासन एवं कार्य प्रणाली को और सुदृढ़ बनाएगी। कर्मचारियों एवं साथ ही अधिकारियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित एवं पारदर्शी रूप से संधारित किया जा सकेगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ई–अटेंडेंस प्रणाली का नियमित एवं प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया तथा इसे विश्वविद्यालय के डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ई–अटेंडेंस सिस्टम विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में भी प्राध्यापकों, छात्रों तथा कर्मचारियो की उपस्थिति दर्ज करने हेतु लगाया गया है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य, निदेशक अनुसंधान डॉ. आर. के. शर्मा, डॉ. एस. घोष, डॉ. अक्षय गर्ग, डॉ. श्री त्रिपाठी, डॉ. सोना दुबे, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. राम किंकर मिश्रा, निधि भलावी तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर